रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section I
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 362] नई दिल्ली, बुधवार, दिसम्बर 5, 2007/अग्रहायण 14, 1929
No. 362] NEW DELHI, WEDNESDAY, DECEMBER 5, 2007/AGRAHAYANA 14, 1929

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

(पाटनरोधी एवं संबद्ध शुल्क महानिदेशालय)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 4 दिसम्बर, 2007

अंतिम निष्कर्ष

विषय : सिंगापुर तथा चीन से डी (-) पैरा हाइड्रोक्सी फिनाइल ग्लाइसिन बेस के आयातों से जुड़ी पाटनरोधी जांच ।

सं. 15/31/2006-डीजीएडी.—यत:, 1995 में यथा संशोधित सीमा शुल्क दर अधिनियम, 1975 और सीमा शुल्क दर (पाटित वस्तुओं पर शुल्क या अतिरिक्त शुल्क के निर्धारण, मूल्यांकन और वसूली तथा नुकसान आकलन) नियमावली, 1995 को ध्यान में रखते हुए, नामजद प्राधिकारी ने चीन गणराज्य व सिंगापुर (जिन्हें संबंधित देश भी कहा गया है) में अथवा से निर्यातित सीमा शुल्क दर अधिनियम, 1975 (1975 का 51) की प्रथम अनुसूची के उप-शीर्ष 2942 00 में शामिल पैरा हाइड्रोक्सी फिनाइल ग्लाइसिन बेस के आयातों पर अस्थायी पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की थी। अधिसूचना सं. 51/1/2001-डीजीएडी तारीख 31 दिसम्बर, 2007 द्वारा प्रारंभिक निष्कर्ष प्रकाशित किए गए थे और अधिसूचना सं. 18/2002-कस्टम तारीख 15 फरवरी, 2002 द्वारा संबंधित वस्तुओं पर अस्थायी शुल्क लगाया गया था। नामजद प्राधिकारी ने अधिसूचना सं. 51/1/2001-डीजीएडी द्वारा अंतिम निष्कर्ष 20 सितम्बर, 2002 को पेश किये और सीमाशुल्क विभाग द्वारा अधिसूचना सं. 22/2002-कस्टम तारीख 31 अक्तूबर, 2002 द्वारा निर्णय पाटनरोधी शुल्क लगाए गए थे ।

2. तथा, यत:, सिंगापुर के विरुद्ध मध्यावधि समीक्षा के बाद कस्टम अधिसूचना सं. 100/2006 तारीख 29 सितम्बर, 2006, जिसमें नामजद प्राधिकारी ने अधिसूचना सं. 14/14/2005-डीजीएडी तारीख 04 अगस्त, 2006 द्वारा अपने अंतिम निष्कर्ष जारी किए थे, को सिंगापुर के विरुद्ध लगाए जाने वाले पाटनरोधी शुल्कों में संशोधन किया गया था ।

3. तथा, यत:, सीमाशुल्क दर (संशोधन) अधिनियम, 1995 और सीमा शुल्क दर (निर्धारण मूल्यांकन तथा पाटित वस्तुओं पर पाटनरोधी शुल्क की वसूली व नुकसान आकलन) नियमावली, 1995 के अनुसार पाटनरोधी शुल्क समाप्त करने से संबंधित देशों में निर्मित अथवा वहां से निर्यातित पी.एच.पी.जी. बेस के आयातों पर पाटन और नुकसान जारी रहेगा या उसकी पुनरावृत्ति होगी, इसकी समीक्षा करने के लिए प्राधिकारी ने अधिसूचना संख्या 15/31/2006 तारीख 6 दिसम्बर, 2006 द्वारा सनसेट समीक्षा प्रारंभ की थी।

4. तथा यत: इस समीक्षा में अधिसूचना सं. 51/1/2001-डीजीएडी तारीख 20 सितम्बर, 2007 (मूल जांच के अंतिम निष्कर्ष) और इसके बाद प्राधिकारी द्वारा अधिसूचना सं. 15/14/2005-डी.जी.ए.डी. तारीख 4 अगस्त, 2006 (बाद की समीक्षा जांच) द्वारा की गई मध्यावधि समीक्षा के सभी पहलू शामिल थे । जांच की प्रारम्भिक अवस्था में प्राधिकारी ने मैसर्स डीसीएम श्रीराम इंडस्ट्रीज लिमिटेड की दौराला स्थित इकाई, दौराला ओर्गेनिक्स पर विचार करने का प्रस्ताव किया था जिनका भारत में संबंधित वस्तुओं के उत्पादन में बड़ा हिस्सा है और जो नियमानुसार घरेलू उद्योग का प्रतिनिधित्व करता है ।

क. कार्यविधि

5. इस जांच के लिए निम्नलिखित कार्यविधि अपनाई गई है :-

(i) समीक्षा शुरू करने के बाद प्राधिकारी ने संगत सूचनाएं मांगने के लिए नियम 6(4) के अनुसार संबंधित देशों और भारत में घरेलू उद्योग के निर्यातकों/उत्पादकों को प्रवर्तन अधिसूचना के साथ प्रश्नावली भेजी।

(ii) नियम 6(2) के अनुसार संबंधित देशों के नई दिल्ली स्थिति दूतावासों/उच्चायोग को प्रवर्तन जांच की अधिसूचना इस अनुरोध के साथ भेजी गई कि अपने-अपने देशों में निर्यातकों/उत्पादकों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रश्नावली का जबाव भेजने की सलाह दें।

(iii) नियम 6(4) के अनुसार आवश्यक जानकारी मांगने के लिए भारत में संबंधित वस्तुओं के प्रसिद्ध आयातकर्ताओं और उपभोक्ताओं को प्रश्नवलियां भेजी गईं।

(iv) 1 जुलाई, 2005 से 30 जून, 2006 तक की अवधि (12 माह) की जांच की गई थी। तथापि नुकसान समीक्षा अवधि में जांच अवधि और उससे पहले अर्थात् 1 अप्रैल, 2003 से लेकर जांच के अंत तक (2004, 2005, 2006 और जांच अवधि) का समय शामिल है।

(v) वाणिज्यिक आसूचना तथा सांख्यिकी महानिदेशालय से गत तीन वर्षों और जांच अवधि के लिए संबंधित वस्तुओं के आयात संबंधी ब्यौरे जुटाने का अनुरोध किया गया था। महानिदेशालय द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों का विश्लेषण करके उन्हें आधार बनाया गया है।

(vi) मैसर्स कनिका सिंगापुर कारपोरेशन (केएससी) और मैसर्स कनिका जापान, जापान (केएसके) के अलावा किसी निर्यातकर्ता से प्रवर्तन अधिसूचना का कोई जबाव नहीं मिला। घरेलू उद्योग के अलावा किसी भी अन्य इच्छुक पार्टी ने किसी तरह से कोई जबाव नहीं दिया।

(vii) प्राधिकारी ने विभिन्न इच्छुक पार्टियों द्वारा व्यक्त सभी विचारों और प्रस्तावों पर उसी सीमा तक विचार किया है, जहां तक वे वर्तमान जांच के लिए प्रासंगिक लगे।

(viii) प्राधिकारी ने विभिन्न इच्छुक पार्टियों द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों का गैर-गोपनीय संस्करण पब्लिक फाइल के रूप में उपलब्ध कराया है जिसे इच्छुक पार्टियों के निरीक्षण हेतु खुला रखा गया है।

(ix) प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत सूचनाओं की जांच-पड़ताल उसी सीमा तक की है, जहां तक वे उन्हें नुकसान की जांच के लिए आवश्यक समझी गई।

(x) प्राधिकारी ने नियमानुसार साधारण मूल्य और पाटन अंतर का निर्धारण करने के लिए जबाव देने वाले निर्यातकर्ता तथा आवेदक के आंकड़ों की जांच की है । तथापि, निर्यातकर्ता का जबाव बहुत विलंब से प्राप्त हुआ और उसमें बहुत कमियां थीं, इसलिए उसे आधार नहीं बनाया गया है ।

(xi) प्राधिकारी ने इच्छुक पार्टियों से मौखिक बातचीत करने के लिए 20 जुलाई, 2007 को सार्वजनिक सुनवाई रखी थी। जिसमें घरेलू उद्योग के प्रतिनिधियों और निर्यातकर्ताओं ने भाग लिया था, मौखिक रूप से व्यक्त किए गए विचारों को लिखित प्रस्तावों के रूप में दायर करने का आग्रह किया गया था। नामजद प्राधिकारी ने इच्छुक पार्टियों से प्राप्त प्रस्तावों पर इस निष्कर्ष में उसी सीमा तक विचार किया है।, जहां तक वे इस जांच के लिए प्रासंगिक समझे गए हैं।

(xii) .....इस अधिसूचना में उन सूचनाओं का समावेश है, जिन्हें इच्छुक पार्टियों द्वारा गोपनीय आधार पर पेश किया गया था तथा प्राधिकारी द्वारा नियमानुसार जांच के बाद उन्हें गोपनीय समझा गया था।

(xiii) नियम सुपरा के नियम 16 के अनुसार इन निष्कर्षों के अत्यावश्यक तथ्यों/आधार के बारे में इच्छुक पार्टियों को जानकारी दी गई है। घरेलू उद्योग से इन्हीं के संबंध में टिप्पणियां प्राप्त हुई थीं और इन अंतिम निष्कर्षों में इन पर विधिवत विचार किया गया है खुलासा विवरण पर टिप्पणी करते हुए घरेलू उद्योग ने आशंका व्यक्त की कि प्राधिकारी ने उनकी गोपनीय सूचनाएं निर्यातकर्ता को प्रकट की हैं। प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग की इस आशंका को बेबुनियाद और तथ्यों के विपरीत बताया है घरेलू उद्योग से जुड़ी गोपनीय सूचनाएं केवल घरेलू उद्योग को ही प्रकट की गई थीं । ऐसी सूचनाएं निर्यातकर्ता के साथ केवल तालिका रूप में ही साझा की गई थीं ।

ख. विचाराधीन उत्पाद तथा 'समतुल्य वस्तुएं'

6. मूल जांच और मौजूदा समीक्षा में शामिल उत्पाद(-) पैरा हाइड्रोक्सी फिनाइल ग्लाइसिन बेस (पीएचपीजी बेस) है जो उक्त सीमाशुल्क दर अधिनियम और आई टीसीएचएस वर्गीकरण की प्रथम अनुसूची के अध्याय 29 में शीर्ष सं. 2942.00 के अधीन आती है। तथापि, यह वर्गीकरण केवल प्रतीक मात्र है और वर्तमान जांच के दायरे पर किसी भी ढंग से बाध्य नहीं है। डी(-) पैरा हाइड्रोक्सी फिनाइल ग्लाइसिन बेस (जिसे इसके बाद पीएचपीजी कहा गया है) का सर्वाधिक रूप से आयात भारत में होता है, जिसे विभिन्न आयातकर्ताओं/निर्यातकर्ताओं द्वारा डी(-) हाइड्रोक्सी फिनाइल ग्लाइसिन मिथाइल पोटेसियम डेन साल्ट (जिसे इसके बाद पीएचपीजीडीएस कहा गया है) में परिवर्तन किया जाता है और इसके अमोक्सीलीन तथा सेफाड्रोक्सील (अर्थात् बल्क दवाओं) के उत्पादन में इस्तेमाल होता है। अन्य शब्दों में पीएचपीजी का इस्तेमाल प्रत्यक्ष रूप से अमोक्सीलीन आदि के उत्पादन के लिए नहीं हो सकता है। केवल पीजीपीजीडीएस में परिवर्तित करने के बाद ही इसका उपयोग अमोक्सीलीन आदि के उत्पादन के लिए होता है। यह परिवर्तन पीएचपीजी/पीएचपीजीडीएस निर्माताओं के स्तर पर अथवा सेवनकर्ताओं अथवा अमोक्सीलीन आदि के उत्पादकों के स्तर पर होता है।

7. विचाराधीन उत्पाद पर कोई विवाद नहीं है। जहां तक

'समतुल्य वस्तुओं' का सवाल है, यह पाया गया है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित तथा संबंधित देशों से आयातित तथा वहां बेची गई पीएचपीजी बेस में कोई खास अंतर नहीं है। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और संबंधित देशों से आयातित पीएचपीजी बेस वस्तुओं की भौतिक विशेषताओं कार्यों व उपयोगों, मानकों, विवरण तथा विपणन, कीमत व दर वर्गीकरण की दृष्टि से समतुल्य हैं । उपभोक्ता संबंधित देशों से आयातित पीएचपीजी बेस और घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित पीएचपीजी बेस का एक दूसरे के स्थान पर इस्तेमाल कर सकता है तथा कर रहा है। इस प्रकार घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित पीसीपीजी बेस को संबंधित देशों से आयातित पीसीपीजी को घरेलू उत्पाद के समतुल्य माना जाता है।

ग. घरेलू उद्योग की स्थिति

8. मैसर्स डीसीएम श्रीराम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, नई दिल्ली की इकाई मैसर्स दौराला आर्गेनिक्स, दौराला द्वारा याचिका दायर की गई है। याचिका में याचिकदाता ने विचाराधीन उत्पाद का एक मात्र निर्माता होने का दावा किया है, जिसका शत-प्रतिशत उत्पादन घरेलू स्तर पर होता है ।

ग.1 निर्यातकर्ता के विचार

9. निर्यातकर्ता मैसर्स कनिका सिंगापुर कम्पनी (पीटीई) लिमिटेड, सिंगापुर ने इस दावे को यह कहते हुए चुनौती दी है कि याचिकादाता का दावा असत्य और भ्रामक है क्योंकि सूर्या फार्मा तथा केडीएल बायोटेक जैसे अन्य उत्पादक मौजूद हैं । कंनिका ने कम्प्यूटर से लिए गए डाउनलोड पेश किए हैं जिनमें इन दो कम्पनियों द्वारा पीएचपीजी बेस के उत्पादन संबंधी जानकारी दर्शायी गई है ।

ग.2 घरेलू उद्योग के विचार

10. उपर्युक्त के उत्तर में मैसर्स दौराला आर्ग्रेनिक्स ने निम्नलिखित प्रश्न उठाए हैं :–

(i) क्या स्थित को सिद्ध करने के लिए लागू संगत नियम समीक्षा जांच पर लागू होते हैं?

(ii) क्या नामजद प्राधिकारी को सनसेट समीक्षा के मामले में घरेलू उद्योग की स्थिति को पुन:स्थापित करना होगा?

(iii) क्या निर्यातकर्ता द्वारा दी गई जानकारी सही है?

11. याचिकादाता ने सीमाशुल्क दर अधिनियम, 1975 की धारा 9ए (5) और पाटनरोधी नियमावली के नियम 23 का संदर्भ लेकर यह दावा किया है कि नियम 23(3) में नियम 2(बी) और नियम 5 का उल्लेख नहीं हुआ है। अत: घरेलू उद्योग के रूप में दौराला की स्थिति को पुन: स्थापित करने की जरूरत नहीं है। दौराला ने कनिका के उस दावे को भी चुनौती दी है जिसमें सूर्या और केडीएल बायोटेक को निर्माताओं के साथ में पेश किया गया हैं दौराला ने उल्लेख किया है बिल्क ड्रग्स मैन्युफ्रैक्चर्स एसोसिएशन के प्रकाशन में इस उत्पादन का कोई उल्लेख नहीं है। उन्होंने पिग आइरन मैन्युफ्रैक्चर्स एसोसिएशन? बनाम नामजद प्राधिकारी के मामले का भी संदर्भ लिया गया है जिसमें माननीय सीई एसटीएटी में सीमित (प्रतिबन्धित) खपत हेतु किसी वस्तु के उत्पादन को पृथक बाजार सेग्मेंट की मान्यता दी है जिसका उस बाजार पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता, जहां वह उत्पाद बिकता है दौराला ने दलील दी है कि अन्य पार्टियों, यदि कोई हो, द्वारा सीमित उपयोग हेतु पीएचपीजी बेस का निर्माण इस जांच हेतु मान्य नहीं हैं।

12. कनिका द्वारा अपनी दलील में पेश कम्प्यूटर डाउनलोड में मौजूद सूचनाओं को भी याचिकादाता ने चुनौती दी है। याचिकादाता ने दलील दी है कि सूर्या फार्मा से संबंधित कम्प्यूटर डाऊनलोड्स में उनके उत्पादन का उल्लेख नहीं है। इसमें केवल एक कथन का संदर्भ है, जिसमें सूर्या फार्मा ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट मे पीएचपीजी बेस के अनुसंधान, विकास तथा वाणिज्यीकरण का उल्लेख किया है । वार्षिक रिपोर्ट में वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करनें, इसकी पात्रा और बिक्री आदि के बारे में कोई उल्लेख नहीं है । याचिकादाता ने मैसर्स केडीएल बायो टेक पीएचपीजी बेस के उत्पादन संबंधी कनिका के दावे को भी चुनौती दी है । उसने दलील दी है कि कनिका द्वारा पेश केडीएन बायो टेक से संबंधित कम्प्यूटर डाऊनलोड में केवल पीएचपीजी का उपयोग दर्शाया गया है । याचिकादाता ने दलील दी है कि कनिका ने नामजद प्राधिकारी को इस मामले में गुमराह करने की कौशिश की है । याचिकादाता ने बल्क ड्रग्स मैन्यूफ्रैक्चर्स एसो सिएशन द्वारा जारी "बल्क ड्रग्स इंडस्ट्री एट ग्लांस" 2006 नामक प्रकाशन का भी संदर्भ लिया है जिसमें इनमें से किसी कंपनी के बारे में यह उल्लेख नहीं है कि उन्होंने जांच अवधि के दौरान विषयाधीन सामग्री का उत्पादन किया हो ।

13. याचिकादाता ने यह भी दलील दी है कि नामजद प्राधिकारी ने मूल जांच और सिंगापुर मामले में की गई समीक्षा में उनके शत-प्रतिशत घरेलू उत्पादन को सही ठहराया था ।

ग.3 प्राधिकारी द्वारा जांच-पड़ताल

14. जांच के दौरान प्राधिकारी ने सूर्या फार्मा और केडीएल बायो टेक को अपने उत्पादन आदि के बारे में सूचना उपलब्ध कराने बाबत पत्र भेजे थे । लेकिन कोई जबाव नहीं आया । भारत में पीएचपीजी बेस के उत्पादन का इंटरनेट से पता लगाने के प्रयास किए गए, लेकिन ऐस कोई जानकारी नहीं मिल पाई । रसायनिक पदार्थ विभाग, भारत सरकार और बल्क ड्रग्स मैन्युफ्रैक्चर्स एसोसिएशन, हैदराबाद से जानकारी जुटाने के भी प्रयास किए गए, लेकिन दोनों संगठनों ने देश में विचाराधीन उत्पादन के उत्पादन के बारे में किसी प्रकार जानकारी मुहैया कराने में अपनी असमर्थता दिखाई । नेशनल फार्मास्यूटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी से भी उत्पादन के बारे में सूचना भेजने का अनुरोध किया गया लेकिन कोई सूचना नहीं प्राप्त हुई है। इसके मद्देनजर प्राधिकारी इच्छुक पार्टियों द्वारा उपलब्ध कराई सामग्री के आधार पर आगे बढ़ने के लिए बाध्य है ।

15. कनिका द्वारा अन्य उत्पादकों की बाबत दी गई सूचना पूर्ण और सत्यापन योग्य नहीं पाई गई है । याचिकादाता द्वारा किए गए खंडन, नामजद प्राधिकारी द्वारा पहले लिए गए निर्णय और रिकार्ड में उपलब्ध सूचनाओं को ध्यान में रखते हुए प्राधिकारी दौराला को देश में विचाराधीन उत्पाद का एक मात्र उत्पादक मानता है । इसके अलावा, याचिकादाता को नियमों की परिभाषा में "घरेलू उद्योग" मानने का प्रस्ताव है ।

घ. न्यूनतम सीमाएं

16. वाणिज्यिक आसूचना तथा सांख्यिकीय महानिदेशालय (डीजीसीआई एंडएस, कोलकाता) से प्राप्त आयात आंकड़ों के अनुसार संबंधित देशों से विषयाधीन माल का आयात न्यूनत सीमा-स्तर से अधिक है ।

ङ. साधारण मूल्य, निर्यात मूल्य और पाटन अंतर

17. सीमाशुल्क दर अधिनियम, 1975 की धारा 9क (1)(ग) के तहत किसी वस्तु के साधारण मूल्य से तात्पर्य है :–

(i) निर्यातकर्ता देश या प्रदेश में उपयोग हेतु सामान्य कारोबार में समतुल्य वस्तु का उप-धारा (6) में बने नियमों के अनुसार यथा निर्धारित समतुल्य मूल्य, अथवा

(ii) जब निर्यातकर्ता देश या प्रदेश के घरेलु बाजार में सामान्य कारोबार में समतुल्य वस्तु की कोई बिक्री न हो, अथवा जब निर्यातकर्ता देश या प्रदेश में खास बाजार हालत या कम मात्रा में बिक्री के चलते ऐसी बिक्री में समुचित तुलना करना सम्भव न हो, तो निम्न में से किसी एक को साधारण मूल्य माना जाएगा :–

(क) निर्यातकर्ता देश या प्रदशे, तीसरे देश को निर्यात करते समय उप-धारा (6) में बने नियमों के अनुसार समतुल्य वस्तु का यथानिर्धारित तुलनात्मक प्रतिनिधि मूल्य, अथवा

(ख) उत्पत्ति देश में उस वस्तु की उत्पादन लागत और उप-धारा (6) में बने नियमों के अनुसार यथा-निर्धारित प्रशासनिक, बिक्री और साधारण लागत और मुनाफे के रूप में वाजिब अतिरिक्त लागत, बशर्ते कि उत्पत्ति देश के अलावा अन्य देश से आयात की गई वस्तु के और जहां से हो कर वस्तु निर्यातक देश को भेजी गई हो अथवा निर्यातक देश में ऐसी वस्तु का उत्पादन न होता हो अथवा निर्यात देश में कोई समतुल्य मूल्य न हो, तो साधारण मूल्य उत्पत्ति देश में उसके मूल्य के अनुसार निर्धारित किया जाएगा ।

ङ.1 सिंगापुर में साधारण मूल्य

18. जांच कार्य की शुरुआत 6 दिसम्बर, 2006 को हुई थी और निर्यातकर्ता को 40 दिनों के भीतर निर्यातकर्ता की प्रश्नावली में यथानिर्दिष्ट सूचनाओं के साथ अपना जबाव भेजना था। कनिका ने निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपना जबाव दायर नहीं किया बल्कि उन्होंने नामजद प्राधिकारी से आग्रह किया कि उनके द्वारा सीई एसटीएटी में दायर अपील के फैसले का इंतजार किया जाए। जब उन्हें इस तथ्य का स्मरण कराया गया कि नामजद प्राधिकारी ने जांच पहले ही शुरू कर दी है और उसे आगे बढ़ाने के लिए उनका जबाव अपेक्षित है, तब आकर 9 मार्च, 2007 को अर्थात जांच शुरू होने से 3 महीने बाद कनिका ने जबाव दायर किया। कथित जबाव में बहुत कमियां थीं, इसलिए तारीख 27 जून, 2007 के पत्र द्वारा कनिका को पाई गई कमियों से अवगत कराया गया। उन्होंने 9 जुलाई, 2007 को जबाव दिया और संशोधित जबाव भी दायर किया। तथापि, जबाब का कोई गैर-गोपनीय संस्करण दायर नहीं किया गया था ।

19. 20 जुलाई, 2007 को सार्वजनिक सुनवाई की गई और उसी दिन निर्यातकर्ता को सूचित किया गया कि 9 जुलाई, 2007 को दायर प्रस्ताव को जांच करने के लिए निदेशालय को विभिन्न गणनाओं के लिंक्स युक्त एक्सेलसीट में प्रस्तुत उनके जबाव की सॉफ्ट प्रति की आवश्यकता है। निर्यातकर्ता को प्रश्नावली के तालिका रूप में जबावों के साथ अपना जबाव गैर-गोपीय पाठान्तर में प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया गया। निर्यातकर्ता को अपना जबाब दायर करने के लिए 7 दिनों का समय दिया गया था। लेकिन निर्यातकर्ता ऐसा नहीं कर पाया। 9 जुलाई, 2007 को प्रस्तावों की जांच करने पर और कमियां पाई गईं, जिन्हें तारीख 24 अगस्त, 2007 के पत्र/ई-मेल से निर्यातकर्ता को सूचित कर दिया गया था। निर्यातकर्ता के कार्यकलापों, उनकी प्रक्रियाओं, लागत, साधारण मूल्य, निर्यात मूल्य और पाटन अंतर के बारे में निर्णायक निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए यह सूचना परमावश्यक थी। कनिका ने अपने जबाव 18 सितम्बर, 2007 को दायर किया।

20. निर्यातकर्ता द्वारा दायर जवाब पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए घरेलू उद्योग ने प्राधिकारी से निर्यातकर्ता के जबाव का इस आधार पर संज्ञान न होने का आग्रह किया कि ये प्रस्ताव अभी भी अधूरे हैं और विलम्ब से भेजे गए हैं। पाठनरोधी नियमावली के नियम 6(4) और नियम 6(8) की ओर प्राधिकारी का ध्यान आकृर्षित किया गया था। घरेलू उद्योग ने अपने 28 नवम्बर, 2007 के प्रस्तावों में कुछ मुद्दों पर निर्याकर्ता के स्पष्टीकरण पर नामजद प्राधिकारी द्वारा विचार करने पर आपत्ति उठाई ।

21. यह पाया गया है कि 6 दिसम्बर, 2007 की प्रवर्तन अधिसूचना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, निर्यातकर्ता ने 9 मार्च, 2007 को अपना जबाव दायर किया था। 27 जून, 2007 को विस्तृत कमियां बताई गईं, जिनका, जवाब 9 जुलाई, 2007 को दिया गया । इन स्पष्टीकरणों में पुन: कमियां पाई गई और 20 जुलाई और 24 अगस्त, 2007 का उन्हें तदनुसार सूक्ति किया गया। 18 सितम्बर, 2007 को जबाव मिला। इस जबाव में भी निर्याकर्ता ने यथा वांछित जानकारी देने में अपनी असमर्थता जाहिर की। अत: प्राधिकारी का यह मानना है कि कनिका में प्रवर्तन अधिसूचना की तारीख से 9 माह 12 दिन बाद अर्थात् 18 सितम्बर को गैर-गोपनीय जबाव दिया था। घरेलू उद्योग ने विलम्ब से प्रापत इस जबाव का जबरदस्त विरोध किया और उसको विषयवस्तु का जबाव देने से इन्कार कर दिया। कनिका ने विभिन्न पत्रों में उठाए गए खास मुद्दों का जवाब नहीं दिया। स्पष्ट सूचनाओं के अभव में कनिका के कार्यकलापों, प्रक्रियाओं, लागत, साधारण मूल्य और पाठन अन्तर के बारे में काई दृष्टिकोण कायम नहीं किया जा सका। तथापित, निर्यातकर्ता ने 8 नवम्बर, 2007 को सीई एसटीएटी से मिलकर यह आशंका व्यक्त की कि नामजद प्राधिकारी उनके द्वारा प्रस्तुत महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार नहीं करेगा। सीई एसटीएटी ने 21 जून, 2007 के अपने फैसले में आदेश दिया कि नामजद प्राधिकारी निर्यातकर्ता द्वारा उठाए गए विवादस्पद मुद्द पर विचार करेगा और उन पर कानून के अनुसार तथा न्यायालय के फैसलों के आलोक में निर्णय लेकर युक्तिसंगत आदेश जारी करेगा।

22. उपर्युक्त के मद्देनजर, प्राधिकारी विलम्बित और अधूरे जवाब देने के कारण निर्यातकर्ता को गैर-सहयोगी करार देता हैं अत:

प्राधिकारी ने सिंगापुर में संबंधित वस्तु की उत्पादन लागत के आधार पर साधारण मूल्य निर्धारित किया है। तथापि, सीईएसटीएटी के 21 जून, 2007 के आदेश के अनुरूप प्राधिकारी ने निर्यातकर्ता द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण मुद्दों की जांच की है।

ङ.2 चीन गणराज्य में साधारण मूल्य

23. नामजद प्राधिकारी ने साधारण मूल्य निर्धारण करने के प्रयोजनार्थ पाटनरोधी नियमावली के अनुलग्नक 1 के पैरा 8(2) के अनुसार इस धारणा पर अमल किया है कि कोई भी देश, जिसे जांच से पहले तीन वर्षों के दौरान नामजद प्राधिकारी या किसी डब्ल्यूटीओ सदस्य देश के सक्षम प्राधिकारी द्वारा पाटनरोधी जांच के प्रयोजनार्थ गैर-बाजार अर्थव्यवस्था का दर्जा दिया गया हो अथवा समझा गया हो, गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश होता है। गत तीन वर्षों में यूरोपीय संघ और अमरीका जैसे डब्ल्यूटीओ सदस्यों ने चीन गणराज्य को गैर-बाजार अर्थव्यवस्था का दर्जा दिया है । इस मामले में चीन गणराज्य की बतौर गैर-बाजार अर्थव्यवस्था जांच की गई थी ।

24. यथा-संशोधित पाटनरोधी नियमावली के अनुलग्नक 1 के पैराग्राफ 6 के अनुसार गैर-बाजार अर्थव्यवस्था की धारणा का खण्डन किया जा सकता है बशर्ते कि चीन के निर्यातकर्ता पैरा 8 के उप-पैरा (3) में उल्लिखित मापदण्ड के आधार पर सूचना तथा पर्याप्त सबूत पेश करें। चीन गणराज्य के निर्यातकर्ताओं/उत्पादकों को बाजार अर्थव्यवस्था के दर्जे से संबंधित प्रश्नावली के उत्तर में पैराग्राफ 8 के उप-पैराग्राफ (3) में यथा उल्लिखित आवश्यक सूचना/पर्याप्त सबूत प्रस्तुत करने होंगे ताकि नामजद प्राधिकारी निम्नलिखित मानदण्ड पर विचार कर सकें :

(क) चीन गणराज्य में संबोधित फर्मों के मूल्य लागत तथा निवेश, कच्चे माल, तकनीकी लागत तथा कम उत्पादन, बिक्री ओर निवेश से जुड़े निर्णय आपूर्ति तथा मांग को दर्शाने वाले बाजार संकेतों को ध्यान में रखते हुए बिना और सरकारी हस्तक्षेप के लिए जाएं, और भारी निवेश की लागत से बाजार मूल्य का आभास हो;

(ख) ऐसी फर्मों की उत्पादन लागत और वित्तीय स्थिति में भूतपूर्व गैर-बाजार अर्थव्यवस्था प्रणाली खासकर परिसम्पत्तियों का मूल्यह्रास, अन्य बट्टा खाता राशि, लेन-देन के आधार पर घटत बढ़त हो सकती है।

(ग) ऐसी फार्मों पर दिवालियापन और सम्पत्ति कानून लागू होते हैं जिनके चलते फर्म के कार्यों की कानूनी निश्चितता और स्थायित्व की गारंटी रहती है, और

(घ) मुद्रा का विनिमय बाजार दर पर किया जाए।

25. साधारण मूल्य निर्धारण के प्रयोजन हेतु प्राधिकारी ने प्रश्नावली की प्रतियां सभी ज्ञात निर्यातकों/उत्पादकों को भेजी थी। किसी भी निर्यातकर्ता/उत्पादक ने निर्यातक तथा बाजार अर्थव्यवस्था दर्जा (एमईटी) प्रश्नावली का जबाव नहीं दिया। अत: गैर-बाजार अर्थव्यवस्था की धारणा बरकरार है। इन परिस्थितियों में प्राधिकारी चीन गणराज्य के निर्यातकर्ताओं/उत्पादकों को गैर-बाजार अर्थव्यवस्था में कार्यरत मानने के लिए बाध्य है।

26. उपर्युक्त के मद्देनजर प्राधिकारी, चीनी निर्याकर्ताओं हेतु साधारण मूल्य निर्धारण के लिए अनुलग्नक-1 के पैराग्राफ 1 से 6 में वर्णित सिद्धांतों का इस्तेमाल करने में असमर्थ है। अत: चीन गणराज्य के सभी निर्यातकों/उत्पादकों हेतु साधारण मूल्य का निर्धारण पाटनरोधी नियमावली के अनुलग्नक 1 के पैरा 7 में वर्णित गैर-बाजार अर्थव्यवस्था संबंधी नियमानुसार किया जाता है ।

27. पाटनरोधी नियमावली के अनुलग्नक 1 के पैरा 7 के अनुसार प्राधिकारी को साधारण मूल्य का निर्धारण, तीसरे देश की बाजार अर्थव्यवस्था में कीमत या अनुमानित कीमत अथवा अन्य देशों के लिए भारत सहित तीसरे देश के मूल्य के आधार पर अथवा जहां संभव न हो वहां किसी समतुल्य वस्तु के लिए भारत में अदा की गई वास्तविक राशि या देय राशि सहित अन्य तर्कसंगत आधार पर करना होता है बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश में साधारण मूल्य के बारे में घरेलू उद्योग द्वारा कोई आंकड़े/जानकारी मुहैया नहीं कराई गई थी। इस मामले में निर्यातकों/उत्पादकों ने भी कोई जबाव नहीं दिया। अत: अन्य विकल्प के अभाव में प्राधिकारी ने अन्य तर्कसंगत आधार का सहारा लेकर साधारण मूल्य निर्धारित किया है। इन परिस्थितियों में प्रधिकारी ने भारत में उत्पादन लागत तथा लाभ बाबत उचित राशि पर विचार करके साधारण मूल्य तय किया है।

ङ.3 सिंगापुर के मामले में निर्यात मूल्य

28. मैसर्स कनिका सिंगापुर ने अपना जबाव दायर कर भारत को किए जाने वाले निर्यातों के बारे में जानकारी प्रदान की है। तथापि, निर्यातक द्वारा मुहैया कराई सूचना में बहुत कमियां होने की वजह से प्रधिकारी ने डीजीसीआई एण्ड एस से प्राप्त जानकारी के आधार पर निर्यात मूल्य निर्धारित किया है। यह पाया गया है कि कनिका ने जांच अवधि के दौरान *** रुपए/किलो ग्राम सीआईएफ के औसत मूल्य पर *** पीएचपीजी बेस का निर्यात किया है। घरेलू उद्योग ने समुद्री भाड़े, जहाज बीमा, कमीशन, अंतर्देशीय भाड़े और बन्दरगाह व्यय के आधार पर मूल्य समायोजन का दावा किया है। एक्स-फैक्टरी निर्यात मूल्य तय करने हेतु घरेलू उद्योग द्वारा किए गए दावे को स्वीकार किया गया है। याचिकादाता ने अपनी याचिका में आई बी आई एस मुम्बई द्वारा संकलित निर्यात आंकड़ों को अपनी कार्य प्रणाली का आधार बनाया है। चूंकि दो स्रोतों से प्राप्त आंकड़ों में भारी अंतर है, इसलिए निर्यात मूल्य में उतार-चढ़ाव आता है। घरेलू उद्योग ने अपने 28 नवम्बर, 2007 के प्रस्तावों में दलील दी है कि नामजद प्राधिकारी ने अपने 24 जून, 2003 की मूल जांच के अंतिम निष्कर्षों में यह बताया था कि डीजीसीआई एंड एस के उस अवधि के आंकड़ों में समस्त लेन-देन का पता नहीं लगता इसलिए उन्होंने आई बी आई एस के आंकड़ों को स्वीकार किया है। उसने यह भी दलील दी है कि आयात आंकड़ों के पुन:सत्यापित करने की आवश्यकता है । प्राधिकारी के पास डीजीसीआई एण्ड एस के आंकड़ों पर भरोसा न करने का कोई कारण नहीं है। आंकड़ों को पुन: सत्यापित किया गया और उन्हें सही पाया गया है । आयात की मात्रा कमोवेश समान रहने के कारण डी.जी.सी.आई. एंड एस. आंकड़ों की पर्याप्तता और प्रमाणिकता संदेह से परे है ।

ङ.4 चीन गणराज्य के मामले में निर्यात मूल्य

29. चीन गणराज्य के किसी भी निर्यातकर्ता ने प्राधिकारी को जवाब नहीं दिया है। किसी भी आयातकर्ता/उपभोक्ता ने भी चीन से निर्यात का निर्धारित करने के लिए संगत सूचना भी उपलब्ध कराई है। प्राधिकारी ने डीजीसीआई एण्ड एस से प्राप्त सूचना के आधार पर निर्यात मूल्य निर्धारित किया है। यह पाया गया है कि चीन ने जांच अवधि के दौरान *** रुपए/ किलो ग्राम की सी आई एफ के औसत मूल्य पर *** पीएचपीजी बेस का निर्यात किया है। घरेलू उद्योग ने समुद्री भाड़े, जहाज बीमा, कमीशन, अंतर्देशीय भाड़े और बंदरगाह व्यय के आधार पर मूल्य समायोजन का दावां किया है। एक्स फैक्टरी निर्यात मूल्य तय करने के लिए घरेलू उद्योग के दावे को स्वीकार किया गया है।

ङ.5 पाटन अंतर

30. उपर्युक्त ब्यौरे के अनुसार निर्धारित साधारण मूल्य और निर्यात मूल्य पर विचार करते हुए प्राधिकारी ने वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ निम्नलिखित के अनुसार पाटन अंतर निर्धारित किया है। कनिका के मामले में निर्धारित पाटन अंतर को सिंगापुर के अन्य निर्यातकर्ताओं के लिए भी स्वीकार किया गया है।

	चीन	सिंगापुर
साधारण मूल्य अमरीकी डालर/किलोग्राम	***	***
निर्यात मूल्य अमरीकी डालर/किलोग्राम	***	***
पाटन अंतर राशि	***	***
पाटन अंतर प्रतिशत (रेंज)	23-27	10-14

32. निर्धारित पाटन अंतर न्यूनतम सीमा से अधिक है।

च. नुकसान आकलन

च.1 घरेलू उद्योग के विचार

33. घरेलू उद्योग ने दलील दी है कि एडीए के अनुच्छेद 3.1 और ए डी नियमावली के अनुलग्नक II में (क) पाटित आयात की मात्रा और समतुल्य उत्पादों हेतु घरेलू बाजार में कीमतों पर पाटित आयात के प्रभाव दोनों की निष्पक्ष जांच, और (ख) ऐसे उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के कुप्रभाव को फलस्वरूप पाटित वस्तुओं का मात्रा पर प्रभाव का प्रावधान है। नामजद प्राधिकारी से इस बात पर विचार करने की अपेक्षा है कि भारत में पाटित आयातों के संपूर्ण या आंशिक उत्पादन या खपत में भारी इजाफा हुआ है। तथापि, चूंकि वर्तमान जांच मौजूदा करों की सनसेट समीक्षा है इसलिए इस बात की जांच करना कहीं अधिक महत्वपूर्ण है कि पाटनरोधी शुल्क समाप्त करने से आयात जारी रहेंगे या आयातों की पुनरावृत्ति होगी। पाटनरोधी शुल्क लगाने के बावजूद भारत में आयातों की मात्रा और आयातित सामान के मूल्य स्तर को देखते हुए यदि मौजूदा पाटनरोधी करों को वापस लेने की स्थिति में आयातों की मात्रा में अधिक इजाफा होने की संभावना है।

34. संबंधित देशों से होने वाले आयात के बाजार हिस्से अन्य देशों से होने वाले आयात और भारत में मांग/खपत के हिसाब से घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से का निर्धारण, भारत में संबंधित वस्तुओं की मांग का मूल्यांकन करने के पश्चात् किया गया था। भारत में मांग/खपत का मूल्यांकन घरेलु उद्योग के आयातों और घरेलू बिक्री के योग के रूप में किया गया था। पाटनरोधी कर लगाने के बाद इस बात की जांच की गई कि घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में इजाफा होने से क्या संबंधित देशों से आयातों के बाजार हिस्से में कोई गिरावट आई है।

35. मूल्यों का प्रभाव-मूल्यों पर पाटित आयातों के प्रभाव के बारे में नामजद प्राधिकारी से इस बात पर विचार करने की अपेक्षा की गई है कि भारत में समतुल्य उत्पाद के मूल्यों की तुलना में क्या पाटित आयातों की मूल्यों में भारी कमी आई है अथवा क्या ऐसे आयातों के प्रभाव से मूल्यों में कमी आएगी या मूल्य वृद्धि पर रोक लगेगी। घरेलू उद्योग ने करों, शुल्कों, छूट, कटौतियों और कमीशन, भाड़ा व परिवहन को छोड़कर अपने विक्रय मूल्य पर विचार करते हुए विशुद्ध बिक्री वसूली निर्धारित की है। घरेलू उद्योग की समूची बिक्री मात्रा को गणनाओं में शामिल किया गया है। भारत औसत सीआईएफ आयात मूल्य और उस पर 1 प्रतिशत उतराई प्रभार तथा लागू बुनियादी सीमाशुल्क दर पर विचार आयातों का देशीय मूल्य निर्धारित किया गया है। खुलासा विवरण पर टिप्पणी करते हुए घरेलू उद्योग ने नामजद प्राधिकारी द्वारा यथा निर्धारित विशुद्ध विक्रय मूल्य की इस आधार पर आलोचना की है कि स्वीकृत मूल्य वस्तुतः घरेलू बिक्री और निर्यात बाजारों की औसत बिक्री वसूली है। उन्होंने यह भी दलील दी है कि जांच अवधि के दौरान घरेलू बाजार की विशुद्ध बिक्री वसूली, नामजद प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत लक्ष्य से कहीं अधिक है।

36. मूल्यों को प्रभावित करने वाले तत्वों के संबंध में यह दावा किया गया है कि सिंगापुर और चीन के निर्यातक पाटित मूल्य पर संबंधित सामान्य निर्यात कर रहे हैं, जिसके चलते घरेलू उद्योग को निर्यात मूल्य बराबर रखने के लिए अपने मूल्यों में कमी करने के लिए बाधा होना पड़ता है जिसके फलस्वरूप घरेलू उद्योग को घाटा होता है। यह दावा किया गया है कि आयातों (पाटनरोधी शुल्क के बिना) का देशीय मूल्य गैर-घाटा मूल्य और विक्रय मूल्य की तुलना में बहुत कम है और फिर आयात घरेलू उद्योग के मूल्यों की तुलना में सस्ता पड़ता है। यह भी दलील दी गई है कि पाटनरोधी शुल्क को समाप्त करने की स्थिति में संबंधित देशों का आयातों में तेजी आएगी और घरेलू उद्योग मूल्यों में गिरावट आएगी। फलस्वरूप बार-बार घाटा होगा । तथापि, दायर सूचना में घरेलू उद्योग ने स्वीकार किया है कि सिंगापुर और चीन के मामलों में मूल्य में कमी नकारात्मक है तो स्पेन के मामले में यही सकारात्मक है।

37. यह दलील दी गई है कि विगत काल से घरेलू उद्योग का कार्यनिष्पादन ऐसा रहा है कि पाटनरोधी शुल्क उन्मूलन से घरेलू उद्योग को बार-बार घाटा होगा।

38. यह दलील दी गई है कि मूल्य में कमी की आशंका वास्तविक है और पाटनरोधी शुल्क को जारी रखने के लिए समुचित आधार है । यह भी बताया गया है कि पाटित आयातों के प्रभाव से

मूल्यों में काफी कमी आएगी अथवा मूल्य वृद्धि पर रोक लगेगी जो अन्यथा काफी हद तक बढ़ सकती है। इस प्रयोजनार्थ, घरेलू उद्योग ने यूनिट उत्पादन लागत, विशुद्ध बिक्री, वसूली तथा यूनिट लागत/नुकसान के बारे में सूचनाएं मुहैया कराई हैं।

च.2 विपक्षी पार्टियों के विचार

39. कनिका, सिंगापुर ने दलील दी है कि सूर्या फार्मा और केडीएल बायोटेक भी संबंधित वस्तुओं का उत्पादन कर रहे हैं। इसका तात्पर्य यह है कि मैसर्स दौराला ओर्गेनिक्स के अलावा बेस के अन्य उत्पादक हैं जो विचाराधीन उत्पाद का निर्माण करते हैं। चूंकि दौराला ओर्गेनिक्स भारत में संबंधित वस्तुओं का एकमात्र उत्पादक नहीं है, इसलिए अन्य उत्पादकों पर विचार किए बिना घरेलू उद्योग को होने वाले नुकसान का निर्धारण नहीं किया जा सकता।

40. कनिका द्वारा उत्पादन के निर्यात से घरेलू उद्योग को कोई नुकसान नहीं होता तथा पाटनरोधी शुल्क उन्मूलन से घरेलू मूल्यों पर कोई खास असर या घरेलू उद्योग पर कोई खास प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है।

41. जब नामजद प्राधिकारी ने 20 अमरीकी डालर से अधिक के बैंचमार्क की सिफारिश की थी, जब भी घरेलू उद्योग को नुकसान हो रहा था और उत्पादन लागत 11-12 अमरीकी डालर से कहीं अधिक थी। यदि नामजद प्राधिकारी 100 फीसदी पाटनरोधी शुल्क अथवा 100 अमरीकी डालर के बैंचमार्क की सिफारिश करे तो भी यह विश्वास करने की कोई वजह नहीं है कि घरेलू उद्योग का कार्यनिष्पादन बेहतर होगा। वस्तुत: पिछले इतिहास से यह बहुत साफ हो जाता है कि घरेलू उद्योग के कार्यानिष्पादन का कनिका के निर्यातों से कोई संबंध नहीं है और पाटनरोधी शुल्कों को आगे भी जारी रखने से इसमें कोई सुधार की गुजांइश नहीं हैं।

42. घरेलू उद्योग के मौजूदा दर्ज को जानने के लिए लागू पाटनरोधी शुल्क को जोड़े बिना समीक्षा मामले में मूल्य कटौती का निर्धारण नहीं किया जा सकता। घरेलू उद्योग को विभिन्न कारकों से नुकसान हो रहा है। दौराला को उन कारकों का पता लगाना होगा जिनके चलते नुकसान हो रहा है। दौराला को यह सिद्ध करना होगा कि उन्हें बैंचमार्क की वसूली करने से रोका जा रहा है और इसके कारण क्या हैं।

43. यूरोप से आयात बहुत होता है तथा मूल्य सिंगापुर की तुलना में कम होता है। ऐसी स्थिति में यूरोप से होने वाले आयात से घरेलु उद्योग को नुकसान होता है।

च.3 प्राधिकारी द्वारा जांच-पड़ताल

44. अनुलग्नक-II के साथ पठित पाटनरोधी नियमावली के नियम 11 में प्रावधान है कि नुकसान के आकलन के लिए (क) पाटित आयातों की मात्रा और समतुल्य वस्तु के लिए घरेलू बाजार में मूल्यों पर पाटित आयातों का प्रभाव और (ख) इन उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों का पड़ने वाले प्रभाव की वस्तुपरक जांच की जाएगी। इसके अलावा, पाटित आयातों की मात्रा की जांच करते समय प्राधिकारी विचार करेगा कि "पाटित आयातों में भारत में सम्पूर्ण या आंशिक उत्पादन में क्या कोई खास इजाफा हुआ है। मूल्यों पर पाटित आयातों के प्रभाव के बारे में भारत में संपूर्ण या प्राधिकारी विचार करता है कि क्या भारत में समतुल्य उत्पाद के मूल्य की तुलना में पाटित आयातों के मूल्य में खास कमी आई है अथवा क्या ऐसे आयातों से मूल्यों में खासी कमी आएगी या मूल्य वृद्धि पर रोक लगेगी। नियमों में यह भी प्रावधान है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच-पड़ताल में सभी संगत आर्थिक कारकों का मूल्यांकन शामिल होगा, जिसमें बिक्री, मुनाफा, उत्पादन, बाजारी हिस्सा, उत्पादकता, निवेशों पर लाभ, या उपयोग क्षमता, घरेलू मूल्यों को प्रभावित करने वाले कारक, पाटन अंतर की मात्रा, नकद आमद मालसूची, रोजगार मजदूरी, वृद्धि, पूंजीगत निवेश जुटाने की क्षमता शामिल होगी।"

45. नुकसान विश्लेषण के प्रयोजनार्थ, प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग पर संबंधित वस्तुओं पर पाटित आयातों की मात्रा तथा मूल्य प्रभावों और उसका मूल्यों और लाभ ग्राह्यता की जांच की है। नुकसान होने और पाटन और नुकसान के बीच आकर्षिक लिंक, यदि कोई हो, की जांच पर पाया गया है कि संबंधित देशों से निर्यातों के लिए पाटन अंतर धनात्मक रहा है जबकि संबंधित देशों से समूचे निर्यात को पाटित आयात माना जाता है।

च.4 मांग का मूल्यांकन

46. विचाराधीन उत्पाद की घरेलू खपत/मांग का निर्धारण करने के लिए, प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग की बिक्री मात्रा और सीमित खपत को भारत में कुल आयातों के साथ जोड़ दिया है। घरेलू उद्योग ने द्वितीय स्रोत अर्थात् अंतर्राष्ट्रीय व्यापार सूचना सेवाओं से एकत्र आंकड़ों के आधार पर आयात मात्रा और मूल्य निर्धारित किया है। तथापि, प्राधिकारी ने डीजीसीआई एंड एस से लेन-देन वार आंकड़े जुटाए हैं और मांग का मूल्यांकन करने के लिए इन्हीं पर विचार किया है। मूल्यांकित मांग इस प्रकार है :

यूनिट एमटी में	2002-03	2003-04	2004-05	पीओएल
घरेलू उद्योग की बिक्री*	***	***	***	***
तालिकाबद्ध	100.00	140.78	105.99	74.61
सीमित बिक्री	***	***	***	***
तालिकाबद्ध	100.00	381.23	726.28	1088.24
घरेलू उद्योग की कुल बिक्री	***	***	***	***
तालिकाबद्ध	100.00	207.36	277.74	355.28
आयात-संबंधित देश	***	***	***	***
तालिकाबद्ध	100.00	185.64	211.80	512.58
निर्यात-अन्य देश	***	***	***	***
तालिकाबद्ध	100.00	100	103.46	47.01
मांग	***	***	***	***
तालिकाबद्ध	100.00	118.52	145.12	229.12
घरेलू उद्योग की कुल बिक्री	***	***	***	***

च.5 आयात मात्रा और बाजार का हिस्सा

47. पाटित आयातों की मात्रा और बाजार के हिस्से के संबंध में यह जांच की गई है कि क्या पाटित आयातों में, भारत में संपूर्ण या आंशिक उत्पादन या खपत के हिसाब से, खास इजाफा हुआ है। पाटनरोधी नियमावली के अनुलग्नक-II (ii) में प्रावधान है–

> "पाटित आयातों की मात्रा की जांच करते समय, कथित प्राधिकारी विचार करेगा कि क्या पाटित आयातों में, भारत के समूचे या आंशिक उत्पादन या खपत के हिसाब से कोई खास इजाफा हुआ है .....।"

48. संबंधित देशों तथा अन्य देशों से आयात की मात्रा और भारत में खपत में उनका हिस्सा इस प्रकार है–

विवरण	यूनिट	2002-03	2003-04	2004-05	पीओएल
1	2	3	4	5	6
आयात					
संबंधित देश	एमटी	***	***	***	***
रूझान	तालिकाबद्ध	100.00	185.64	211.80	512.58
अन्य देश	एमटी	***	***	***	***
कुल आयात	एमटी	***	***	***	***
रूझान	एमटी	100	80.54	88.15	174.98
आयातों में बाजार हिस्सा					
संबंधित देश	%	25.9	59.72	62.05	79.22
अन्य देश	%	74.1	40.28	37.95	20.78
कुल आयात		100.00	100.00	100.00	100.00
मांग में बाजार हिस्सा					
देश संबंधित	%	***	***	***	***
अन्य देश	%	***	***	***	***
कुल आयात	%	***	***	***	***
सूची		100.00	68.00	60.98	74.93
घरेलू उद्योग	%	***	***	***	***
घरेलू उद्योग का उत्पादन	एमटी	***	***	***	***
सूची	%	100.00	193.42	257.46	342.90
घरेलू उद्योग के उत्पादन के संबंध में निर्यात					
संबंधित देश	%	56.83	54.55	46.75	84.95
सूची		100.00	95.98	82.27	149.48
कुल आयात	%	45.59	109.49	132.72	93.25
सूची		100.00	240.15	291.10	204.54

49. प्राधिकारी का निष्कर्ष है :

(क) संबंधित देशों से हानि की अवधि के दौरान किए गए आयात की उचित सामग्री की मात्रा की पूर्ण संदर्भ में काफी वृद्धि हुई है। यह देखा गया है कि न केवल पाटनरोधी शुल्क लगाने के बावजूद निरंतर आयात हुआ है बल्कि नुकसान अवधि में आयातित सामग्री की मात्रा में भी वृद्धि हुई है ।

(ख) प्राधिकरण ने, भारत में मांग/खपत के संबंध में संबंधित देशों के आयात, अन्य देशों के आयात और घरेलू उद्योग के बाजार-हिससे के आधार पर, आयात के बाजार-हिस्से को निर्धारित किया है। यह पाया गया है कि जबकि पाटनरोधी शुल्क लगाने के पश्चात् घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में हुई निरंतर वृद्धि के साथ, संबंधित देशों से आयात के बाजार हिस्से में काफी कमी आने की आशा थी, परन्तु वास्तव में घरेलू उद्योग ने बाजार-हिस्सा प्राप्त करने के बजाए बाजार हिस्से को खो दिया। उसी समय, संबंधित देशों से पाटित आयात से बाजार हिस्से खोने के बजाए बाजार-हिससे में पर्याप्त मात्रा में वृद्धि हुई है ।

(ग) संबंधित देशों से पहले आयात कम किया गया है और बाद में भारत में संबंधित सामग्री के उत्पादन के संदर्भ में इसकी बृद्धि हुई है ।

(घ) अन्य देशों से भी पर्याप्त मात्रा में सामग्री आयात की गई है और भारत में खपत के संदर्भ में बाजार-हिस्से में काफी वृद्धि हुई है । अन्य देशों के आयात के मामले में स्पेन का आयात में काफी योगदान रहा है । एएम 05, एएम 6 और पीओ एल के मामले में स्पेन से आयात क्रमश: ***एमटी, ***एमटी और ***एमटी रहा है ।

50. इस प्रकार यह देखा गया है कि भारत में उत्पादन एवं मर्चेंट मांग की दृष्टि में पाटित आयात की पूर्ण संदर्भ में वृद्धि हुई है ।

च.6 आयात का कीमत पर प्रभाव

51. कीमतों पर पाटित आयात के प्रभाव के संबंध में यह जांच की गई है कि क्या भारत में समतुल्य उत्पाद की कीमत की तुलना में पाटित आयात के कारण कीमतों में काफी कटौती हुई है या क्या इस प्रकार के आयात से अन्यथा काफी मात्रा में कीमतों में कमी आ जाएगी या कीमत वृद्धि को रोका जाएगा, जो अन्यथा काफी मात्रा में हुई होगी । घरेलू बाजार पर आयात के प्रभाव का मूल्यांकन करने के प्रयोजन से, हानि अवधि के दौरान की आयात कीमतों का विश्लेषण किया जाएगा । एक संबंधित उत्पाद की, निर्यातित उत्पाद

की लेंडिड कीमत और घरेलू उद्योग की औसतन बिक्री कीमत के बीच तुलना की गई है । इस प्रयोजन के लिए घरेलू उद्योग के विक्रय मुल्य को, घरेलू बाजार के विक्रय मूल्य के आधार पर निर्धारित किया गया है जिसमें व्यापार के उसी स्तर पर असंगत ग्राहकों को की गई बिक्री, छूट और कमीशन शामिल है । घरेलू उद्योग की कीमतों को फैक्टरी के बाह्य स्तर पर निर्धारित किया गया है । अन्वेषण अवधि के दौरान निम्न विशुद्ध बिक्री वसूली के रूझान को अपनाने के लिए घरेलू उद्योग की आपत्ति के संबंध में, प्राधिकरण ने पाया है कि इस प्रकार के आंकड़े उन्होंने स्वयं ही प्रदान किए हैं । घरेलू उद्योग ने, लाभ प्राप्त करने, कीमत को कम करने तथा कम कीमत पर बेचने के लिए इन्हीं आंकड़ों का प्रयोग किया है । रिकार्ड से प्राप्त किए गए आंकड़ों के अनुसार घरेलू बिक्री की विशुद्ध बिक्री उगाही को द्विशासित करने पर, यह पहले अपनाये गए तरीके की अपेक्षा सीमांत रूप से उच्च (1.36 प्रतिशत) पाई गई है । प्रकटीकरण विवरण पर दी गई टिप्पणी के संदर्भ में घरेलू उद्योग द्वारा प्रदान किए गए शुद्ध बिक्री उगाही के आंकड़े पहले प्रस्तुत किए गए विवरणों में दिए गए आंकड़ों से काफी अधिक हैं । घरेलू उद्योग इसके समर्थन में कोई भी दस्तावेजी प्रमाणन प्रस्तुत करने में असफल रहा है । उन्होंने सैम्पल-बीजकों की चार प्रतियां प्रस्तुत की हैं परंतु घरेलू उद्योग के इस प्रकार के दावे को इन बीजकों से प्रमाणित नहीं किया जा सका है । यहां तक कि प्राधिकरण यदि शुद्ध बिक्री उगाही के नए आंकड़े को अपनाता है जो पहले ही अपनाए आंकड़े से सीमांत रूप से उच्च हैं, तो इससे कीमत प्रभाव और लाभ-ग्राहयताँ में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं होगा । इसी तरह, प्रधिकरण द्वारा इसी संबंध में निकाले गए निष्कर्षों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा । इस स्थिति के परिप्रेक्ष्य में, प्राधिकरण ने अपनी पूर्ण गणनाओं को संशोधित करने की आवश्यकता नहीं समझी है । संबंधित देशों की सीआईएफ कीमतों का आयात किए जाने के बाद प्रयोज्य शुल्कों के साथ समायोजन किया गया है । इसकी तुलना से पता चलता है कि अन्वेषण के दौरान, सिंगापुर और चीन से किए गए आयातों की लेंडिड कीतम घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से ऊपर है । इस प्रकार यह पाया गया है कि सिंगापुर और चीन से किए गए आयात से घरेलू उद्योग की कीमतों में कोई कटौती नहीं हुई है । इस संबंध में यह देखा गया है कि उनके द्वारा प्रदान की गई सूचना पर घरेलू उद्योग ने भी स्वीकार किया है कि सिंगापुर और चीन से किए गए आयात की लेंडिड कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से ज्यादा है । इस तरह घरेलू उद्योग ने माना है कि संबंधित आयात के कारण घरेलू उद्योग की कीमतों में कोई कमी नहीं आई है ।

52. सिंगापुर निर्यातक द्वारा एक मुद्दे को बड़े जोर से उठाया है कि प्राधिकरण द्वारा सिफारिश किए गए प्रस्तुत प्रति-पाटन शुल्क से संबंधित आयात ने घरेलू उद्योग को, प्राधिकरण द्वारा पहले सिफारिश किए गए बैंचमार्क के निकट कीमतें प्रभारित करने से नहीं रोका है । इस बारे में यह पाया गया है कि पहले ही संस्तुत प्रति-पाटन शुल्क लगाने के फलस्वरूप, प्राधिकरण द्वारा संस्तुत बैचमार्क से कम कीमत पर आयात देश में नहीं किया जा सकता है यह तब जबकि निर्यातकों ने, अपने माल को प्रति-पाटन शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त श्रेणी के अंतर्गत आयातित किया हो । लेकिन, जैसाकि पहले उल्लेख किया गया है, यह पाया गया है कि घरेलु उद्योग का विक्रय मूल्य आयातों की लेंडिड कीमत से कम है जिसमें यहां तक कि प्रति-पाटन शुल्क भी शामिल नहीं है ।

53. और यह जांच किए जाने के उद्देश्य से कि क्या संबंधित आयातों से घरेलू उद्योग की कीमतों पर कोई महत्वपुर्ण दवित/ निषेधक प्रभाव पड़ा है, घरेलू उद्योग के विक्रय मूल्य और उत्पादन लागत और संबंधित आयातों की लेंडिड कीमत के संबंध में इकत्रित सूचना की विस्तुत रूप से जांच की गई है । निम्नलिखित सारणी से स्थिति स्पष्ट है :

यूनिट – रुपए/ किलोग्राम

	2003-04	2004-05	2005-06	पीओएल
संबंधित देशों से निर्यात				
मूल्य	***	***	***	***
सिंगापुर	***	***	***	***
संबंधित देश	***	***	***	***
अन्य देश (स्पेन)	***	***	***	***
आयात की लेंडिड कीमत	***	***	***	***
चीन	***	***	***	***
रूझान	100.00	97.58	115.35	113.87
सिंगापुर	***	***	***	***
रूझान	100.00	98.68	116.78	115.56
संबंधित देश	***	***	***	***
रूझान	100.00	96.66	113.83	112.32
अन्य देश (स्पेन)	***	***	***	***
रूझान	100.00	87.48	106.94	89.01
घरेलू उद्योग की बिक्री मूल्य	***	***	***	***
रूझान	100.00	93.89	98.19	96.98
घरेलू लागत की उत्पादन कीमत	***	***	***	***
रूझान	100.00	94.76	95.68	96.58
कम कीमत राशि	***	***	***	***
चीन	***	***	***	***
सिंगापुर	***	***	***	***
संबंधित देश	***	***	***	***
अन्य देश (स्पेन)	***	***	***	***
कम कीमत प्रतिशत	***	***	***	***
चीन	***	***	***	***
सिंगापुर (रेंज)	***	***	***	***
संबंधित देश (स्पेन)	***	***	***	***
गैर-हानिकारक कीमत	***	***	***	***
कम कीमत पर बिक्री	***	***	***	***

54. प्राधिकरण ने यह देखा है कि –

(क) संबंधित आयातों से वर्ष 2004-05 तक घरेलू उद्योग की कीमतों में कमी आई है । लेकिन वर्ष 2005-06 और पीओ एल के दौरान संबंधित आयातों की लेंडिड कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से अधिक पाई गई है । इस तरह वर्ष 2005-06 और पीओएल के दौरान आयातों से घरेलू उद्योग की कीमतों में कमी नहीं आई है ।

(ख) घरेलू उद्योग, आयातों की लेंडिड कीमत में हुई वृद्धि के अनुपात में अन्वेषण अवधि में अपनी कीमतों को बढ़ाने में अममर्थ रहा है । वर्ष 2004-05 के दौरान घरेलू उद्योग के विक्रय मूल्य में कमी आई है इसके बाद वर्ष 2005-06 में इसमें वृद्धि हुई है । लेकिन यहां तक कि घरेलू उद्योग की कीमतों की तुलना में आयातों की लेंडिड कीमत में अधिक वृद्धि होने के बाववूद भी पीओएल में एक बार फिर कीमतों में कमी आई है । इसलिए यह दिखाई नहीं देता है कि आयात घरेलू उद्योग के बाजार कीमत को दबा/गिरा रहा है । यह दिखाई देता है कि घरेलू उद्योग का विक्रय मूल्य मुख्य रूप से संबंधित आयातों से नियंत्रित नहीं हो रहा है ।

(ग) घरेलू उद्योग का विक्रय मूल्य, उत्पादन लागत और गैर-हानि कीमत से काफी कम रहा है । इस प्रकार घरेलू उद्योग, यहां तक कि घरेलु उद्योग के विक्रय मूल्य से संबंधित आयात की लेंडिड कीमत अधिक होने के बावजूद भी, उत्पाद को कम कीमत पर बेचने पर मजबूर है ।

(घ) अन्य देशों के आयातों से (जो कि मुख्यत: स्पेन से) पीओ एल में घरेलू उद्योग की कीमतों में कमी आई है ।

55. प्राधिकरण ने यह देखा है कि पीओ एल के दौरान सिंगापुर से किए गए सीआई एफ आयात की कीमत उस कीमत से अधिक रही है जिस कीमत पर घरेलू उद्योग इसे घरेलू बाजार में बेच सकता था । अत: घरेलू उद्योग उन ग्राहकों को मान्य निर्यात श्रेणी के तहत माल सप्लाई करने की स्थिती में है जो माल को शुल्क कर श्रेणी के अंतर्गत खरीदना चाहते हैं । इसलिए यह प्रमाणित नहीं किया जा सका है कि सिंगापुर से किया गया आयात, भारत सरकार द्वारा प्रदान किए गए शुल्क छूट लाभ के कारण ही किया गया है ।

घ.7 घरेलू उद्योग पर पाटित आयातित माल का प्रभाव

56. घरेलू उद्योग की विगत वर्षों में परफारमेंश इस प्रकार रही है कि यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है कि घरेलू उद्योग में पहले हुई हानि, जो केवल हानि अवधि के दौरान बढ़ी है, संबंधित देशों से आयातित किए गए डंपित माल के कारण हुई है । घरेलू उद्योग यह प्रदर्शित करने में असमर्थ रहा है कि संबंधित देशों से किए गए आयात ने इसे अच्छी कीमतें प्रभारित करने से रोका है ।

उत्पादन

57. घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने से पहले घरेलू उद्योग का उत्पादन बहुत कम था और पाटनरोधी शुल्क लगाने के बाद इसमें वृद्धि हुई । घरेलू उद्योग का उत्पादन निम्न प्रकार से रहा है –

	2003-04	2004-05	2005-06	पीओएल
उत्पादन (एमटी)	***	***	***	***
रूझान	100.00	133.11	168.08	177.29

58. प्राधिकरण ने पाया है कि यद्यपि घरेलू उद्योग अपने उत्पादन को बढाने में समर्थ रहा है परंतु इसकी मर्चेंट बिक्री में कमी आई है । यह भी देखा गया है कि घरेलू उद्योग की काफी कैप्टिव खपत रही है जिसमें उत्पादन में प्रति-पाटन शुल्क लगाए जाने के बावजूद भी कमी नहीं आएगी ।

बिक्री मात्रा

यूनिट एमटी

बिक्री मात्रा	2003-04	2004-05	2005-06	पीओएल
मर्चेंट बिक्री	***	***	***	***
सीमित खपत	***	***	***	***
कुल बिक्री/खपत	***	***	***	***
रूझान	100.00	133.94	161.85	171.33
मर्चेंट बिक्री कुल बिक्री के प्रतिशत के अनुसार	***	***	***	***

59. घरेलू उद्योग द्वारा यह दावा किया गया है कि—(क) पीएचपीजी बेस के आयात पर पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के कारण ही यह अपने नये स्तर पर प्राप्त हुआ है । (ख) यदि पाटनरोधी शुल्क को हटा लिया जाता है तो इससे संबंधित देशों से घटिया आयात होगा और घरेलू उद्योग की बिक्री मात्रा में काफी कमी आ जाएगी । (ग) हानि अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की बिक्री मात्रा में काफी वृद्धि हुई है ।

60. लेकिन प्राधिकरण ने देखा है कि कुल बिक्री/खपत में वृद्धि होने के बावजूद भी घरेलू उद्योग की, अन्वेषण अवधि में बिक्री की मात्रा में कमी आई है । यह देखा गया है कि घरेलू उद्योग की काफी कैप्टिव खपत (अन्वेषण अवधि में लगभग***) रही है । घरेलू उद्योग की मर्चेंट बिक्री किसी भी स्थिति में सीमित (लगभग***) रही है । यह भी देखा गया है कि चूंकि प्रति-पाटन शुल्क लागू था इसलिए डपंस (पाटन), घरेलू उद्योग को अपने उत्पाद को बेचने से नहीं रोक सका है और निम्नलिखित कीमत जिस पर हानि अवधि के दौरान माल आयात नहीं किया जा सका है से स्पष्ट है कि इन आयातों ने घरेलू उद्योग को अत्यधिक मात्रा में बिक्री करने से नहीं रोका है । इस प्रकार यह प्रतीत होता है कि आयातित पाटित माल की मौजूदगी

ने, घरेलू उद्योग को अधिकतम संभव मात्रा तक बिक्री करने से नहीं रोका है । फिर भी यह पाया गया है कि आयात से काफी मांग पूरी हुई है । हानि अवधि के दौरान काफी मात्रा में माल आयात करने के लिए घरेलू उद्योग द्वारा कोई तर्कसंगत स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है, यहां तक कि जब देश में आयात की लैंडिड कीमत, रिपोर्ट प्राधिकरण द्वारा निधारित किए गए बैंचमार्क की तुलना में कम नहीं हो सकी है और घरेलू उद्योग अपने उत्पाद को बैंचमार्क से कम कीमत पर बेच रहा है यह भी पाया गया है कि घरेलू उद्योग काफी समय से कार्य कर रहा है और यह नहीं कहा जा सकता है कि घरेलू उद्योग अपने नये स्तर से आ रहा है ।

क्षमता–दोहन

61. घरेलू उद्योग की संस्थापित क्षमता और क्षमता उपयोग की स्थिति निम्न प्रकार से रही है :–

क्षमता दोहन	2003-04	2004-05	2005-06	पीओ एल
संस्थापित क्षमता (एम टी)	***	***	***	***
क्षमता दोहन प्रतिशत	***	***	***	***
रूझान	100.00	112.75	110.02	116.05

62. यह देखा गया है कि क्षमता दोहन की वृद्धि के बावजूद भी घरेलू उद्योग अपनी क्षमता बढ़ाने में समर्थ रहा है । घरेलू उद्योग द्वारा यह दावा किया गया है कि पीएचपीजी बेस पर पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के पहले क्षमता दोहन केवल 30—35 प्रतिशत था । लेकिन पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के बाद पीओ एल में क्षमता-दोहन बढ़ी संस्थापित क्षमता पर 100 प्रतिशत तक पहुंच गया है । यदि पीएचपीजी बेस पर से वर्तमान पाटनरोधी शुल्क हटा लिया जाता है तो संबंधित देशों से पाटित माल के लिए कई बड़े द्वार खुल जाएंगे और क्षमता-दोहन में पर्याप्त रूप से कमी आएगी । लेकिन प्राधिकरण ने देखा है कि घरेलू उद्योग की मर्चेंट बिक्री, इसके कुल उत्पादन की तुलना में काफी कम रही है । यहां तक अगर आयातों से पूर्ण मर्चेंट मांग को हटा लिया जाता है तो घरेलू उद्योग की अपनी कैप्टिव मांग फिर भी अधिक रहेगी और इसलिए इसकी क्षमता दोहन में बहुत ज्यादा कमी नहीं होगी । इसलिए यह प्रतीत नहीं होता है कि पाटनरोधी शुल्क के पुन: लगाने से क्षमता-दोहन पर बहुत ज्यादा प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा ।

माल-सूची (इनवेंटरी)

63. घरेलू उद्योग पाटनरोधी शुल्क लगाने के पश्चात् माल-सूची का परिशोधन करने में समर्थ रहा है और घरेलू उद्योग इस बात को प्रदर्शित नहीं कर सका है कि पाटित आयातित सामग्री की अनुपस्थिति में माल-सूची स्तरों में वृद्धि होगी :–

माल-सूची	2003-04	2004-05	2005-06	पीओ एल
औसतन माल-सूची	***	***	***	***
रुझान	100.00	7.87	29.67	9.29

लाभ-ग्राह्यता

64. यह दलील दी गई है कि पीएचपीजी आधार पर पाटनरोधी शुल्क लगाने के बाद घरेलू उद्योग को पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष कम नुकसान हुआ है, क्योंकि उत्पादन में वृद्धि हुई है, परिणामस्वरूप उच्च उत्पादन पर निर्धारित लागत सामान्य-स्तर पर आ गई है और इसके कारण उत्पादन की लागत में कमी आई है। लेकिन यदि पाटनरोधी शुल्क को वापस लिया जाता है तो यह निश्चित है कि पाटित आयातित सामग्री के कारण बिक्री की मात्रा में कमी के कारण आगे और अधिक नुकसान होगा। इसके परिणामस्वरूप उत्पादन लागत बढ़ेगी और परिणाम के तौर पर घरेलू उद्योग को अधिक नुकसान होगा ।

65. घरेलू उद्योग के लाभ निम्नलिखित सारणी में दर्शाए गए हैं :–

	यूनिट	2003-04	2004-05	2005-06	पीओ एल
मर्चेंट बिक्री	एमटी	***	***	***	***
प्रति यूनिट कर के पूर्व लाभ	रुपए/ किलोग्राम	***	***	***	***
कर-योग के पूर्व लाभ	रुपए/लाख	***	***	***	***
कैप्टिव खपत पर लाभ (बाजार दर पर कैप्टिव पर विचार करते हुए)	रुपए/लाख	***	***	***	***
उत्पाद में कुल लाभ	रुपए/लाख	***	***	***	***
लागत पर कैप्टिव खपत पर विचार करते हुए	रुपए/लाख	***	***	***	***
बाजार दर पर कैप्टिव खपत पर विचार करके	रुपए/लाख	***	***	***	***

66. प्राधिकरण ने यह पता लगाया है कि घरेलू उद्योग ने उत्पादन की पूर्ण लागत पर अपनी कैप्टिव-खपत को मूल रूप से हस्तांतरित कर दिया है लेकिन रिलायंश उद्योग लिमिटेड बनाम नामजद प्राधिकारी के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय पर विचार करते हुए, कैप्टिव-खपत को उत्पादन लागत पर हस्तांतरित करना उपयुक्त नहीं होगा। केप्टिव-खपत को बाजार कीमत पर हस्तांतरित करना आवश्यक है। इसलिए बाजार कीमत पर कैप्टिव-खपत को हस्तांतरित करने के पश्चात्, घरेलू उद्योग के लाभ-हानि दावे को पुन: निर्धारित किया गया है।

67. यह देखा गया है कि घरेलू उद्योग को हुए नुकसान में अधिक वृद्धि हुई है। इस प्रकार प्राधिकारी ने देखा है कि घरेलू उद्योग ने अपने उत्पाद को आयातित सामग्री की लैंडिड कीमत से कम कीमत पर बेचा है (चाहे लागू पाटनरोधी शुल्क को शामिल किया गया हो या नहीं) जिसके कारण वित्तीय हानियां हुई हैं। इसलिए यह स्पष्ट है कि घरेलू उद्योग पाटनरोधी शुल्क लगाने के बावजूद लाभ अर्जित करने में

असमर्थ रहा है। अत: प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकाल नहीं सका है कि घरेलू उद्योग को हुआ वित्तीय नुकसान पाटित आयातित-सामग्री की उपस्थिति के कारण हुआ है।

नगद आमद

68. घरेलू उद्योग ने यह प्रस्ताव किया है कि संबंधित सामग्री के लिए अलग से नगद आमद तैयार करना कठिन होगा, लेकिन घरेलू उद्योग को संबंधित सामग्री पर निरंतर नुकसान हो रहा है और प्रतिकूल नगद आमद का सामना करना पड़ रहा है। प्राधिकारी ने यह पाया है कि घरेलू उद्योग ने स्वयं नगद आमद को लेकर किसी नुकसान का दावा पेश नहीं किया है। जहां तक लाभ-हानि का ताल्लुक है, जैसा कि पहले पाया गया है कि यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सका है कि वित्तीय नुकसान पाटित आयातित सामग्री के कारण हुआ है चूंकि नुकसान के कारणों को पाटित सामग्री से जोड़ा जा सका है और घरेलू उद्योग ने लाभ-हानि को नगद आमद से जोड़ा है, इसलिए यह प्रमाणित नहीं हुआ है कि पाटित आयातित सामग्री ने घरेलू उद्योग को लाभप्रद नगद आमद की स्थिति प्राप्त करने से नहीं रोका है :–

यूनिट : लाख रुपए

	2003-04	2004-05	2005-06	पीओ एल
लागत पर कैप्टिव खपत पर विचार करते हुए रोकड़ लाभ	***	***	***	***
बाजार कीमत पर कैप्टिव खपत पर विचार करते हुए रोकड़-लाभ	***	***	***	***

निवेश पर लाभ (प्रतिफल)

69. घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि घटी कीमतों के कारण, घरेलू उद्योग को अपने निवेश पर निरंतर हानि हो रही है, और निवेश पर नकारात्मक प्रतिफल प्राप्त हो रहा है। निवेशों पर निम्न प्रकार से लाभ का दावा किया गया है :–

	2003-04	2004-05	2005-06	पीओ एल
निवेश पर लाभ (प्रतिशत)	***	***	***	***

70. प्राधिकारी ने पाया है कि चूंकि वित्तीय नुकसान को न तो पाटित आयातित सामग्री से जोड़ा जा सका है न ही यह प्रमाणित किया जा सका है कि पाटित आयातित सामग्री से घरेलू उद्योग की कीमतें कम हो रही हैं, इसलिए यह भी प्रमाणित नहीं हुआ है कि निवेश पर निरंतर प्रतिकूल प्रतिफल, बाजार ने पाटित आयातित सामग्री की मौजूदगी के कारण मिला है।

मजदूरी

71. यह दावा किया है कि नुकसान के कारण, घरेलू उद्योग अपने कर्मचारियों को नाममात्र वेतन-वृद्धि प्रदान कर पाया है। लेकिन पहले दिए गए विवरण के अनुसार नुकसान के कारणों को पाटित आयातित सामग्री से नहीं जोड़ा जा सकता है, इसलिए यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सका है कि घरेलू उद्योग, पाटित आयातित सामग्री के कारण उचित मजदूरी वृद्धि प्रदान करने में असमर्थ है :–

रुपए लाखों में	2003-04	2004-05	2005-06	पीओ एल
भुगतान की गई मजदूरी	***	***	***	***
रूझान	100.00	104.44	190.00	198.89

पूंजी निवेश बढ़ाने की समर्थता

72. भारत में पीएचपीजी आधार की मांग घरेलू उद्योग की विद्यमान क्षमता से अधिक है और घरेलू उद्योग, मूल कम्पनी की सहायता से विद्यमान क्षमताओं के अवरोधों को दूर करके घरेलू बाजार की पूर्ण मांग को पूरा कर सकता है और चूंकि कम्पनी को होने वाले नुकसान के लिए पाटित व्यवस्था से नहीं जोड़ा जा सकता है, इसलिए यह स्वीकार नहीं किया जा सकता कि पूंजी निवेश को बढ़ाने की क्षमता पर पाटित आयातित सामग्री का प्रभाव पड़ा है। इसलिए साक्ष्य यह नहीं दर्शाता है कि पूंजी निवेश बढ़ाने की क्षमता पर पाटित सामग्री से असर पड़ा है :–

रुपए लाखों में	2003-04	2004-05	2005-06	पीओ एल
किए गए निवेश	***	***	***	***

रोजगार

73. इस उत्पाद के लिए नियुक्त कर्मचारियों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है जिसका कारण क्षमता विस्तार रहा है।

